पत्रांकः 1720/भाविवि/कुसका/2023/ दिनांक : 09 अक्टूबर, 2023

## कार्य परिषद् की कार्यवाही

दिनांक 07 अक्टूबर, 2023 को प्रातः 11:00 बजे विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार कक्ष में कार्य परिषद् की आकस्मिक बैठक की कार्यवाही :

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहे :

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, मा0 कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | माननीय न्यायमूर्ति श्री अनिल कुमार ओझा (से.नि.) | (न्यायिक) सदस्य |
| 3. | प्रो0 जयशंकर प्रसाद पाण्डेय, डिपार्टमेंट ऑफ सोशियोलॉजी, बप्पा श्री नारायन वोकेशनल पी0जी0 कॉलेज (के0के0वी0), चारबाग, लखनऊ। | सदस्य |
| 4. | प्रो0 ललिता राव, सेवानिवृत्त–बी0एड0 विभाग, उदय प्रताप स्वायत्तशासी पी0जी0 कॉलेज, वाराणसी। (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 5. | प्रो0 सुधांशु पांड्या, डीन एवं डायरेक्टर–स्कूल ऑफ मैनेजमेंट, स्कूल सी0एस0जे0एम0 यूनिवर्सिटी, कानपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री फौजान अलावी, एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर ऑफ अलाना सन्स प्राइवेट लिमिटेड, 10 सिन्धिया हाउस, II तल, कलाट प्लेस, नई दिल्ली (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 7. | प्रो0 मसऊद आलम, संकायाध्यक्ष–कला एवं मानविकी | सदस्य |
| 8. | प्रो0 एहतेशाम अहमद, आचार्य–वाणिज्य, सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग | सदस्य |
| 9. | प्रो0 सौबान सईद, आचार्य–उर्दू, सदस्य–अन्य पिछड़ा वर्ग (ऑनलाइन प्रतिभाग) | सदस्य |
| 10. | प्रो0 एस0एस0ए0 अशरफी, आचार्य–उर्दू विभाग। | सदस्य |
| 11. | प्रो0 चन्दना डे, आचार्य–शिक्षाशास्त्र विभाग | सदस्य |
| 12. | डॉ0 मोहम्मद शारिक, सहायक आचार्य–शारीरिक शिक्षा विभाग | सदस्य |
| 13. | डॉ0 अताउर्रहमान आज़मी, सहायक आचार्य–व्यवसाय प्रशासन | सदस्य |
| 14. | श्री साजिद आज़मी, वित्त अधिकारी | विशेष आमंत्रित |
| 15. | डॉ0 भावना मिश्रा, कुलसचिव | सचिव |

Bmish



Scanned with OKEN Scanner

सर्वप्रथम कुलसचिव द्वारा कार्य परिषद् के समस्त उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया और तदोपरान्त माननीय कुलपति जी की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। कार्य परिषद् द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर निम्नांकित निर्णय लिया गया:–

बिन्दु संख्या–1 :

डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना, सहायक आचार्य–राजनीतिशास्त्र के परास्नातक अंकपत्र की पुष्टि मानव भारती विश्वविद्यालय से न होने कारण कार्य परिषद् की संस्तुति के क्रम में प्रकरण अनुशासनिक समिति को संदर्भित किया गया था। अनुशासनिक समिति की अनुशंसा के क्रम में मा0 कार्य परिषद् द्वारा डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना को पत्रांक संख्या–2292/भा.विवि/कु.का/2023/733/21 दिनांक 25 अगस्त, 2023 द्वारा निलम्बित किया गया था, जिसके विरूद्ध डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना द्वारा मा0 उच्च न्यायालय में रिट याचिका संख्या–6941/2023 योजित की गयी, जिसमें दिनांक 22–09–2023 को पारित आदेश की प्रमाणित प्रति डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना द्वारा उपलब्ध करायी गयी, जिस पर विश्वविद्यालय अधिवक्ता से विधिक अभिमत प्राप्त किया गया। तद्नुसार मा0 उच्च न्यायालय का निर्णय एवं विश्वविद्यालय अधिवक्ता से प्राप्त विधिक अभिमत माननीय कार्य परिषद् के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत।

निर्णय :

डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना, सहायक आचार्य, राजनीतिशास्त्र विभाग द्वारा उनके निलम्बन के विरूद्ध माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या–6941/2023 में दिनांक 22–09–2023 को पारित आदेश एवं इसके सम्बन्ध में विश्वविद्यालय अधिवक्ता द्वारा दिये गये विधिक परामर्श से कार्यपरिषद को अवगत कराया गया। सम्पूर्ण प्रकरण पर गहन विचार–विमर्श के उपरान्त कार्यपरिषद द्वारा निम्नवत् निर्णय लिये गये–

1. माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक 22.09.2023 के विरूद्ध मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ, लखनऊ में विशेष अपील (Special Appeal) याचिका दायर किया जाये। इस हेतु विश्वविद्यालय की ओर से विशेषज्ञ वरिष्ठ अधिवक्ता को भी आबद्ध किया जाये।
2. माननीय उच्च न्यायालय में दायर विशेष अपील याचिका में अनुतोष (relief) न मिलने की स्थिति में दिनांक 22.09.2023 को पारित आदेश का अनुपालन किया जाये।
3. डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना द्वारा मा. उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या–6941/2023 के साथ प्रस्तुत किये गये मानव भारती विश्वविद्यालय से निर्गत माइग्रेशन सर्टिफिकेट का सत्यापन कराया जाये।

डॉ0 ताबिन्दा सुल्ताना, सहायक आचार्य के विरूद्ध प्रचलित अनुशासनिक जांच को शीघ्र पूर्ण किये जाने के लिए अनुशासनिक समिति को पत्र प्रेषित किये जाने हेतु कुलसचिव को निर्देशित किया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्य परिषद् की बैठक समाप्त हुयी।

Bmisha

(डॉ0 भावना मिश्रा)
कुलसचिव/सचिव

(प्रो0 एन0बी0 सिंह)
कुलपति/अध्यक्ष



Scanned with OKEN Scanner